# लखनऊ विश्वविद्यालय
## लखनऊ, उ0प्र0—226007
Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412

संदर्भ संख्या :............................/सम्बद्धता/2019

दिनांक :.........................................

ई–मेल/रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत

## कार्यालय–ज्ञाप

संदर्भ :– विश्वविद्यालय से निर्गत नोटिस संख्या : एएफ 50734–39 –69/सम्ब./ 2017, दिनांक 08.11.2017
2. संख्या : एए519–22/2019, दिनांक : 07.2019
3. संख्या : एएफ–3375–78, दिनांक : 15.02.2019

लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त निम्न महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पूर्व से संचालित बी0एड0 पाठ्यक्रमों की **सहयुक्तता 30 जून, 2019 को समाप्त होने जा रही है,** के सम्बन्ध में सूच्य है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार उ0प्र0 शासन द्वारा 28 फरवरी तक निरीक्षण आख्या/प्रस्ताव विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने एवं 10 मई, तक बी0एड0 पाठ्यक्रमों की सहयुक्तता के निस्तारण हेतु अन्तिम तिथि पूर्व से निर्धारित है, तद्नुसार बाक्स में अंकित पत्र द्वारा 28.02.2019 तक आख्या/प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है :–

| कमांक | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|
| 1. | एच0एल0वाई0 डिग्री कालेज, उतरगांव, मोहनलालगंज, लखनऊ |
| 2. | सत्यानन्द उच्च शिक्षा संस्थान, ग्राम नीवा, मेमौरा एयरवेस के सामने, सरोजनी नगर, लखनऊ |
| 3. | स्वतंत्र गर्ल्स डिग्री कालेज, स्नेह नगर, आलमबाग, लखनऊ |
| 4. | बासुदेव डिग्री कालेज, अमराई गॉव, इन्दिरा नगर, लखनऊ |
| 5. | एम0सी0 सक्सेना कालेज ऑफ एजूकेशन, दुबग्गा, हरदोई रोड, लखनऊ। |
| 6. | आई0टी0एम0कालेज ऑफ एजूकेशन, मामपुर बाना, बक्शी का तालाब |
| 7. | अकबरी बेगम कालेज ऑफ एजूकेशन, गनेशपुर, रहमानपुर, लखनऊ |
| 8. | सुरजन देवी अनुसुइया देवी डिग्री कालेज, गंगागंज, लखनऊ। |
| 9. | सिटी वोमेन्स कालेज, जानकीपुरम विस्तार, अलीगंज, लखनऊ |
| 11. | श्री कृष्ण दत्त एकेडमी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ |
| 12. | सिटी कालेज, उत्तरधौना, तिवारीगंज, चिनहट, फैजाबाद रोड, लखनऊ |
| 13. | यशराज इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन, बाघामऊ, लखनऊ। |
| 14. | गया प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन एक्सीलेंस, फिरोजपुर, मलिहाबाद रेलवे स्टेशन, मलिहाबाद, लखनऊ। |
| 15. | टी0डी0एल0 कालेज ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड मैनेजमेन्ट साइन्सेज, कासिमपुर बिरूआ,गोसाईगंज, सुल्तानपु रोड, लखनऊ |
| 16. | टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज, फैजाबाद रोड, लखनऊ |

उल्लेखनीय है कि सहयुक्त महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों के सम्बन्ध में कार्य परिषद की बैठक दिनांक 19.06.2017 द्वारा निर्णय पारित किये गये हैं कि–"किसी भी महाविद्यालय को तीन वर्ष के अन्तर्गत स्थायी सहयुक्तता प्राप्त करना अनिवार्य होगा, तीन वर्ष के निर्धारित अवधि के अन्दर स्थायी सहयुक्तता प्राप्त न करने पर एक वर्ष का समय अतिरिक्त दिया जायेगा। यदि निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत महाविद्यालय शर्तों को पूरा नहीं कर पाता है एवं स्थायी सहयुक्तता नहीं प्राप्त कर पाता है तो प्रतिवर्ष एक लाख रू0 अर्थदण्ड के साथ तीन वर्ष का समय और प्रदान किया जायेगा, तत्पश्चात विश्वविद्यालय से महाविद्यालय की सहयुक्तता स्वतः समाप्त समझी जायेगी।"

अतः उपरोक्त बी0एड0 महाविद्यालयों को बाक्स में अंकित पत्रानुक्रम में पुनः निर्देशित किया जता है कि उपरोक्तानुसार – **"आगामी शिक्षण सत्र 2019–20 से स्थायी सहयुक्तता (जिनके तीन वर्ष के परीक्षा परिणाम प्राप्त हो चुके हैं) हेतु स्थलीय निरीक्षण आख्या अथवा पूर्व प्रदत्त अस्थायी सहयुक्तता को 2019–20 के लिए विस्तरण प्रदान किये जाने हेतु समस्त कमियों के निस्तारणोपरान्त सुसंगत प्रस्ताव प्रत्येक दशा में 31.03.2019 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में बी0एड0 पाठ्यक्रम में सत्र 2019–20 से बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रतिबन्धित समझा जायेगा जिसके लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।"**

(एस0के0 शुक्ल)
कुलसचिव

संख्या : R|225-20 दिनांक : 07/03/19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0।
3. इंचार्ज, वेबसाइट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं समस्त सहयुक्त बी0एड0 महाविद्यालयों को ई–मेल से प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. प्रबन्धक, समस्त बी0एड0 सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ को सूचनार्थ/अनुपालनार्थ।
5. गार्ड फाईल।

(एस0के0 शुक्ल)
कुलसचिव